भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2200

(जिसका उत्तर सोमवार, 02 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक) को दिया जाना है)

विदेशी मुद्रा भंडार

2200. श्री गोपाल चिन्नाया शेट्टीः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के पास उपलब्ध कुल विदेशी मुद्रा भंडार का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश के विदेशी मुद्रा भंडार में उपलब्ध अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं के नाम क्या हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उक्त आरक्षित निधि में से कितनी राशि का निवेश किया गया है; और

(घ) उत्पादन संबंधी कार्यों के लिए उक्त भंडार का उपयोग न करने के कारण वस्तुओं की कीमतों पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) 16 जुलाई, 2021 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 612.7 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा भंडार का विवरण निम्नानुसार सारणीबद्ध हैः

सारणी 1: विदेशी मुद्रा भंडार

क्र.सं.	मद	16 जुलाई, 2021 को विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डॉलर)
1.	कुल विदेशी मुद्रा भंडार	612.7
1.1.	विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति	568.7
1.2.	स्वर्ण	37.3
1.3.	आईएमएफ में आरक्षित स्थिति	5.1
1.4.	विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर)	1.5

(ख) प्रमुख मुद्राएं जो विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है, उनमें अमरीकी डॉलर यूरो, पाउंड स्टलिंग, जापानी येन आदि शामिल हैं।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार से निवेश की गई राशि नीचे सारणी 2 में दी गई हैः

सारणी 2: विदेशी मुद्रा भंडार का निवेश (बिलियन अमरीकी डॉलर)

क्र.सं.	**मद**	**मार्च, 2019 के अंत तक**	**मार्च, 2020 के अंत तक**	**मार्च, 2020 के अंत तक**
1.	विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति	385.4	442.2	536.7
2.	स्वर्ण	23.0	30.6	33.9
3.	विशेष आहरण अधिकार	1.5	1.4	1.5
4.	आईएमएफ में आरक्षित स्थिति	3.0	3.6	4.9
	कुल	**412.9**	**477.8**	**577.0**

स्रोतः आरबीआई

(घ) विदेशी मुद्रा भंडार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और सोने में लगाया जाता है। सरकार और आरबीआई उभरती हुई बाहरी स्थिति की बारीकी से निगरानी करते हैं और वृहद आर्थिक विकास और स्थिरता का समर्थन करने के लिए नीतियों या विनियमन को जाचते हैं।

******